हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–193 : जौनपुर, गुरुवार 04 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या रामनगरी भव्य दीपोत्सव में 9 लाख दीप जलाने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया स्थापित

अयोध्या (संवाददाता) सुरेन्द्र कुमार! अयोध्या रामनगरी के पांचवे दीपोत्सव ने एक नया विश्वकीर्तिमान स्थापित किया है। 3 नवंबर बुधवार को रामपैड़ी के 32 घाटों पर 9 लाख और राम मंदिर में 51 हजार व एक लाख अयोध्या के प्राचीन मंदिर में 2.5 लाख दीपक जलाए गए। दीयों की गिनती के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंची थी। दीपोत्सव में शिरकत करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज बांटने वालों के साथ नहीं, एकता में पिरोने वालों का सहयोग करें। सरयू घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमने 9 लाख दीप राम की पैड़ी और 3 लाख दीप अयोध्या के मठ और मंदिरों में जगमगाए हैं। इससे भी बड़ी संख्या में दीप जगह–जगह जले हैं। अयोध्या अब एक नई सांस्कृतिक नगरी के रूप में दुनिया के अंदर गिनी जाएगी। दुनिया की कोई ताकत 2023 तक अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण को नहीं रोक सकती।बारह लाख दीयों को जलाने के लिए 36 हजार लीटर सरसों के तेल का इस्तेमाल हुआ। इसमें राम की पैड़ी पर 9 लाख और अयोध्या के बाकी हिस्सों में 3 लाख दीपक प्रज्ज्वलित किए गए। वहीं, रामजन्म भूमि परिसर में 51 हजार दीए जलाए गए। इस बार दीयों की गिनती के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंची थी। 32 टीमों ने मिलकर 12 लाख दीयों को जलाया। वहीं खूबसूरती को मात दे रही लेजर लाइट इलेक्ट्रिक झालरों की सजावट को लोग देखते ही रहे। सरयू घाट, रामपैड़ी से लेकर हनुमानगढी, कनकभवन, कारसेवकपुरम की अनुपम छटा अतुलनीय रही। श्रद्धालुओं का जोश ही था कि हर ओर जय श्रीराम के नारे लगते रहे।बारह लाख दीयों को जलाने के लिए 36 हजार लीटर सरसों के तेल का इस्तेमाल हुआ। इसमें राम की पैड़ी पर 9 लाख और अयोध्या के बाकी हिस्सों में 3 लाख दीपक प्रज्ज्वलित किए गए। वहीं, रामजन्म भूमि परिसर में 51 हजार दीए जलाए गए। इस बार दीयों की गिनती के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंची थी। 32 टीमों ने मिलकर 12 लाख दीयों को जलाया। वहीं खूबसूरती को मात दे रही इलेक्ट्रिक झालरों की सजावट को लोग देखते ही रहे। सरयू घाट, रामपैड़ी से लेकर हनुमानगढी, कनकभवन, कारसेवकपुरम की अनुपम छटा अतुलनीय रही। श्रद्धालुओं का जोश ही था कि हर ओर जय श्रीराम के नारे लगते रहे। इसके अलावा जनपद के विभिन्न विभागों में और लगभग 3 लाख दीप जलाये गये। आतिशबाजी हुई, लेजर शो हुआ एवं करोड़ों रुपयों की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। यह कार्य मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में निम्नवत बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने जनपद अयोध्या में 661 करोड़ 11 लाख रू0 की लागत की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, इनमें 105




करोड़ रू0 की लागत से 26 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 556.11 करोड़ रू0 24 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से आगामी होली तक निशुल्क खाद्यान्न दिये जाने की घोषणा, योजना के तहत प्रदेश के 15 करोड़ जरूरतमंद लाभान्वित होंगे, प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा, संतों का सहयोग, जनता व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से वर्ष 2017 में आयोजित प्रथम दीपोत्सव ने आज भव्य और दिव्य रूप ग्रहण किया, यह एक सफल और विशिष्ट आयोजन बन चुका, दीपोत्सव महान उत्सव का क्षण, दिव्यता और भव्यता का प्रतीक, इस आयोजन में लोगों की भावनाएं जुड़ी है और उन भावनाओं की तेजी ने अयोध्या की तस्वीर को बदला, अयोध्या सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी के रूप में पूरे विश्व पटल पर तेजी के साथ उभर रही, यह नगरी भविष्य में दुनिया भर के श्रद्वालुओं को आकर्षित करेगी, अयोध्या में मंदिर निर्माण के साथ साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम, मिर्जापुर में मां विन्ध्यावासिनी धाम को तेजी से विकसित किया जा रहा, पूरे प्रदेश में केन्द्र व राज्य सरकार के समन्वय से 500 तीर्थ स्थलों के विकास का कार्य किया जा रहा, जिनमें से 300 तीर्थी स्थलों का विकास पूर्ण हो चुके, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है और लोगों की भावनाओं के अनुरूप मंदिर निर्माण कार्य प्रशस्त हुआ, भगवान श्रीराम ने समाज के सभी वर्गो को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया।मंत्रोचार के साथ सरयू जी की आरती एवं पूजन किया, दीपोत्सव 2021 में राम की पैड़ी पर 9 लाख से अधिक दीप प्रज्जवलित कर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। गिनीज बुक आफ अवार्ड की ओर से मुख्यमंत्री को इस कीर्तिमान का प्रमाण पत्र सौपा गया। राम की पैड़ी के अलावा, अयोध्या के नगर क्षेत्र में 3 लाख से अधिक दीये प्रज्जवलित, कुल मिलाकर 12 लाख से अधिक दीपों का प्रज्जवलन किया गया। राम की पैड़ी पर 3–डी होलोग्राफिक शो, प्रोजेक्शन मैपिंग तथा रामायण पर आधारित भव्य लेजर शो का भव्य आयोजन। दिव्य व नयनाभिराम आतिशबाजी का भी लोगों ने आनन्द उठाया, भगवान श्रीराम ने सामाजिक एकता व समरसता का जो संदेश दिया। हम सभी को उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। प्रधानमंत्री जी द्वारा भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार से दुनिया के लोग भारतीय संस्कृति व सभ्यता से जुड़ रहे। अयोध्या दुनिया की सबसे आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित हो रही। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का कार्यारम्भ किया गया। मंदिर निर्माण से हमारे संकल्प और धैर्य को विजय मिली। प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी दीपावली के दिन सभी घरों में दीप प्रज्जवलन और मिष्ठान वितरण के लिए सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कामना कि सभी के जीवन में उत्साह और उमंग का यह पर्व हमेशा आता रहे। दीपोत्सव भारत की गौरवशाली परम्परा का आयोजन है।

## यूपी में नई सियासी सुगबुगाहटः सपा को छोड़ कांग्रेस के साथ गठबंधन करेगा रालोद? जयंत को राज्यसभा भेजने की पेशकश

लखनऊ ब्यूरो : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की मुलाकात के बाद प्रदेश में सियासी सुगबुगाहट तेज हो गई हैं। चर्चा है कि जयंत को कांग्रेस की तरफ से पंजाब विधानसभा चुनाव में सीटें देने और राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया गया है। उधर, रालोद के थिंक टैंक का मानना है बसपा और कांग्रेस का गठबंधन होना मुश्किल है। जबकि बिना बसपा के इस गठबंधन के कोई मायने नहीं होंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा था कि उनका रालोद के साथ मजबूती से गठबंधन है। बस सीटों का बंटवारा होना है। ठीक यही बात रविवार दोपहर रालोद प्रमुख चौधरी जयंत ने भी लखनऊ में प्रेस वार्ता में कही थी, लेकिन शाम को कुछ और ही सियासी सीन नजर आने लगा। दिल्ली लौटते समय जयंत ने वह फ्लाइट छोड़ दी, जिससे अखिलेश भी दिल्ली जा रहे थे। उसके बजाय वह कांग्रेस के निजी विमान में प्रियंका गांधी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ दिल्ली रवाना हुए। इससे पहले प्रियंका के साथ लखनऊ हवाई अड्डे पर भी काफी देर जयंत की बातचीत हुई। चर्चा है कि कांग्रेस ने इस मुलाकात में जयंत को नया ऑफर दिया है। यूपी के साथ पंजाब में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कहा गया है कि रालोद को पंजाब में कांग्रेस कुछ मजबूत सीटें देंगी। किसान आंदोलन के बाद रालोद को भी यह विकल्प अच्छा दिख रहा है। इसके अलावा जयंत को छत्तीसगढ़ या पंजाब के बूते राज्यसभा भेजने का ऑफर देने की बात कही जा रही है। इतना ही नहीं, भविष्य में हरियाणा में मिलकर नए समीकरण बनाने की बात रखी गई है। प्रस्ताव पर गंभीरता से हो रहा विचार। जानकारों के मुताबिक इस पर गंभीरता से विचार हो रहा है। पर, कांग्रेस बसपा से भी संपर्क साधा



रही है। गणित यह तैयार किया जा रहा है कि बसपा, रालोद और कांग्रेस अगर साथ आएं तभी कुछ मजबूती आ सकती है। उधर, बसपा भी इस पूरे सीन पर पैनी नजर रखे है। चूंकि बसपा के मजबूत सिपहसालार भी लगातार पार्टी छोड़ रहे हैं। ऐसे में नए समीकरण बसपा को भी संजीवनी दे सकते हैं। पर सीटों पर दावे से खड़ा होगा संकट। जिन सीटों पर रालोद और सपा के अपने–अपने दावे हैं, उन्हीं सीटों पर बसपा भी अपने को मजबूत मानती है। मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, मेरठ, मुरादाबाद, बुलंदशहर, बिजनौर की सीटों पर रालोद इस समय मजबूत दावा पेश कर रही है। सपा के साथ भी इन्हीं सीटों पर सबसे ज्यादा मंथन है। यदि नया गठबंधन हुआ तो इन्हीं सीटों पर फिर से अपने–अपने दावे होंगे। बसपाई रणनीतिकार भी इस नई चर्चाओं का गहनता से अध्ययन कर रहे हैं। उनकी निगाह इन्हीं सीटों पर है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर सपा और रालोद नेता दोनों ही इन चर्चाओं के बजाय इसी बात पर जोर दे रहें है कि सपा और रालोद का गठबंधन है और मजबूती से चुनाव लड़ेगा। जल्द ही सीटों का बंटवारा हो जाएगा।

## वाराणसी में धारा 144 लागू : दीपावली पर रात में बस दो घंटे फोड़े जा सकेंगे पटाखे

वाराणसी ब्यूरो : दीपावली पर वाराणसी शहर में रात आठ से दस बजे तक ही पटाखे फोड़ सकेंगे। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बुधवार को त्योहारों के मद्देनजर जिले भर में धारा 144 लागू करने का आदेश दिया है। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा लागू की हैं। यह निषेधाज्ञा आगामी 26 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। दीपावली के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के अनुसार घोषित साइलेंस जोन में (अस्पताल, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला हेल्थ केयर सेन्टर, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय, धार्मिक स्थल एवं अन्य घोषित क्षेत्र) के 100 मीटर के अंदर पटाखें न फोड़े जाएं। ऐसे पटाखों का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा, जिनमें एंटीमनी, लीथियम, मरकरी, आरसेनिक लेड के कम्पाउंड या स्ट्रांसियम कोमेट या बेरियम साल्ट का प्रयोग किया गया हो। दीपावली पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य ही आतिशबाजी की जाएगी। दीपावली पर दुर्घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट। दीपावली पर होने वाली घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। बीएचयू समेत अन्य सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेंसी में तुरंत इलाज मिलेगा। इमरजेंसी और बर्न वार्ड में बेड रिजर्व रखने के साथ ही चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है। ताकि अस्पताल पहुंचने वालों को तुरंत बेहतर इलाज मिल सके। आम तौर पर दीपावली पर पटाखे नहीं जलाने की अपील की जाती है। बावजूद लाखों के पटाखे हर साल दीपावली पर लोग जलाते हैं। किसी का हाथ जल जाता है तो किसी को सांस लेने में तकलीफ होती है। प्रभारी सीएमओ डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि मंडलीय अस्पताल, दीनदयाल अस्पताल, शास्त्री अस्पताल रामनगर की इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर मरीजों को भर्ती कर जरूरी जांच भी की जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों पर भी प्राथमिक उपचार संबंधी सभी सुविधाएं रहेंगी। एक फोन पर पहुंचेंगी एंबुलेंस। अगर किसी तरह की कोई घटना हो जाती है तो एक फोन पर एंबुलेंस पहुंचेगी। 108–102 एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि जलने, सांस की समस्या, ह्रदय रोग संबंधी परेशानी होने पर इमरजेंसी में 108 डायल करना होगा। जिले में 108 सेवा की 28 और 102 सेवा की 38 एंबुलेंस हैं। सभी एंबुलेंस में स्टाफ की ड्यूटी लगाए जाने के साथ ही ऑक्सीजन, जीवन रक्षक दवाइयां भी रहेंगी। पटाखे से जलने पर ये बरतें सावधानी। प्रभारी सीएमओ डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि दीपावली पर हाथ, चेहरे, आंख को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। प्रदूषण आंख, नाक और गले के अलावा फेफड़ों को भी प्रभावित करता है। प्रदूषण से सांस और एलर्जी की समस्या होती है। बच्चों को पटाखों से दूर रखना चाहिए, यदि आतिशबाजी करनी ही है तो बच्चों के साथ जरूर रहें। सावधानी– सबसे पहले जले हिस्से को बहते पानी से साफ कर लें। तत्काल सरकारी या निजी अस्पताल में परामर्श लें। जले भाग को ठंडे पानी या बर्फ से नहीं धोना है। टूथपेस्ट या हल्दी भी नही लगानी है। मिठाइयों और चॉकलेट का संभलकर करें सेवन। त्योहार यानी मौज–मस्ती और साथ में ढेर सारे पकवान। लजीज खाने और खिलाने के इस मौके पर मौज–मौज में कई बार कुछ ऐसा जुबान को भाता है, जो सेहत के मिजाज को बिगाड़ देता है। इसके लिए जरूरी है कि इस बार मेन्यू में कुछ ऐसे विकल्पों को शामिल कर लें, जो न सिर्फ स्वाद की सौगात दें, बल्कि आपकी सेहत पर भी कोई नकारात्मक असर न डाले। हमने जाना अग्रसेन कन्या महाविद्यालय गृह विज्ञान विभाग की हेड डॉ. अनिता सिंह से कि दीपावली पर कैसे रखें सेहत का ख्याल। डॉ. अनिता बताती हैं कि त्योहार में खानपान का ध्यान नहीं देते, ऐसे में अकसर लोग बीमार पड़ जाते हैं। अगर कुछ छोटी बातों का ध्यान रखा जाए तो हम स्वस्थ दीपावली मना सकते हैं। दीपावली के मौके पर खूब मिठाई, चॉकलेट और पकवान खाने से शरीर का वजन बेवजह बढ़ जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, ऐसे में त्योहार के समय में भी अपने खानपान पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। खाने–पीने की चीजें जैसे पनीर, दूध, खोवा आदि खरीदते समय खास सावधानी बरतें और ऐसे खाद्य पदार्थ पैकेट वाले ही लें। इन उत्पादों को लेने से पहले इनकी एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। इससे मिलावटी सामान लेने से बच जाएंगे। दीपावली पर फिट रहने के लिए और त्योहार पर खुशियां मनाने के लिए संतुलित आहार लेना चाहिए। इसके तहत बीच–बीच में हार्ड ड्रिंक, कोक आदि न लेकर फल या सब्जियों के जूस का सेवन करें। त्योहार के दिनों में फिट रहने के लिए आप एक साथ भर पेट न खाएं, बल्कि थोड़ी–थोड़ी देर के अंतराल में खाते रहें। घरों में पकवान ज्यादा बनाए जाते हैं। ऐसे में आटे में जौ, बाजरे के आटे को गेहूं के आटे के साथ मिला लें, यह सेहत के लिए अच्छा होने के साथ स्वस्थ भी रखेगा। दीपावली के त्योहार पर तरोताजा रहने के लिए सुबह खाली पेट नींबू पानी लें, इससे शरीर में विषैले तत्व भी आसानी से निकल जाएंगे। खाने में सलाद, फ्रूट आदि का सेवन करे, इससे डायट भी बैलेंस रहेगी और सेहत भी नहीं बिगडेघ्गी।

धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देश की उपासना

राष्टीय हिन्दी

मासिक/साप्ताहिक एवं दैनिक

समाचार पत्र परिवार की तरफ से

उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## काली मंदिर पुर्दिलपुर में लगी भीषण आग : मौके पर पहुंची कई दमकल गाड़ी

गोरखपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के काली मंदिर पुर्दिलपुर में एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई देखते ही देखते आग ने आसपास के कमरों को भी अपने आगोश में ले लिया घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को दी मौके पर पहुंचे मुख्य अग्निशमन अधि



कारी डीके सिंह क्षेत्राधिकारी कोतवाली विमल कुमार सिंह कोतवाली थाना प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों की मदद आप पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक पुर्दिलपुर के एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटी दीपावली पर दिया जलाने के बाद किराए के मकान में रह रहे किरदार ने दीया जलाकर कहीं चले गए उनके कमरे में दिए की वजह से सिलेंडर में आग पकड़ ली और जोरदार धमाका हुआ इसके बाद आसपास के कमरे में भी आपकी लपटों की वजह से काफी नुकसान हुआ है हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है लेकिन नुकसान का आकलन आग बुझने के बाद ही किया जा सकता है।

## दूसरे की जगह परीक्षा देते 21 युवक गिरफ्तार : सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रयागराज ब्यूरो : एसएससी की कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल भर्ती के स्किल टेस्ट के दौरान बुधवार को दूसरे की जगह परीक्षा देते 21 लोग गिरफ्तार कर लिए गए। पूरामुफ्ती, धूमनगंज, सरायइनायत व फाफामऊ स्थित परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान यह फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने बताया कि इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसएससी की ओर से कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल भर्ती के लिए पूर्व में लिखित परीक्षा कराई गई थी। बुधवार को दूसरे चरण के तहत स्किल टेस्ट का आयोजन किया गया। इसके लिए जिले में भी कई परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के दौरान पूर्व में हुई लिखित परीक्षा के रिकॉर्ड से जांच की गई तो अलग–अलग केंद्रों पर कुल 21 युवक दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए। इनमें आईडीजेड सल्लाहपुर में चार, मधु वाचस्पति केंद्र में दो, फाफामऊ स्थित श्रीगणेश केंद्र पर सात और सरायइनायत स्थित आईटेक जोन में पकड़े गए चार युवक शामिल हैं। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और फिर इन सभी को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। जहां परीक्षा से जुड़े अफसरों की ओर से पूरामुफ्ती, धूमनगंज, फाफामऊ व सरायइनायत थाने में तहरीर दी गई। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## इको और स्विफ्ट कार की भिड़ंत में एक युवक की मौत : नौ घायल

एटा ब्यूरो : एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र में आगरा मार्ग पर गांव हिम्मतपुर के पास गुरुवार को दो वाहनों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक इको गाड़ी



सवारियों को बैठा कर एटा की ओर आ रही थी। सामने से स्विफ्ट कार से तीन लोग आगरा की ओर जा रहे थे। दोनों गाड़ियां गांव हिम्मतपुर के पास आमने–सामने से टकरा गईं। टक्कर होते ही चीख–पुकार मच गई। आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस के अनुसार हादसे में मनीष (22) निवासी गांव नगला इमलिया थाना पिलुआ की मौत हो गई। घायलों में से तीन लोगों को आगरा रेफर किया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*जीवन एक यात्रा है, इसे जबरदस्ती तय न करें, इसे जबरदस्त तरीके से तय करें–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## जनसंख्या वृद्धि पर नीति बनाने की जरूरत

आज पृथ्वी बढ़ती मानव आबादी के चलते अतिरिक्त बोझ का अनुभव कर रही है। यह संख्या इसी अनुपात में बढ़ती रही तो एक दिन आजीविका के संसाधन लुप्त होने के चरम पर पहुंच जाएंगे। नतीजतन इंसान, इंसान के ही अस्तित्व के लिए संकट बन जाएगा। यह स्थिति भारत समेत दुनिया के देशों में उत्पन्न न हो, इस हेतु कारगर उपायों की जरूरत है। भारत में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए परिवार नियोजन को आजादी के बाद से ही प्रोत्साहित किया जा रहा है, लेकिन ये उपाय धार्मिक वर्जनाओं को आधार बनाकर समान रूप से लागू नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए जनसंख्या वृद्धि दर पर अंकुश लगाने के लिए समान नीति को कानूनी रूप दिया जाना आवश्यक है। हालांकि यह कानून बनाया जाना आसान नहीं है क्योंकि जब भी इस कानून के प्रारूप को संसद के पटल पर रखा जाएगा, कथित बुद्धिजीवी और उदारवादी धार्मिक रंग देने की पुरजोर कोशिश में लग जाएंगे।उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में आयोजित संघ के कार्यक्रम में सर संघचालक मोहन भागवत ने दो टूक शब्दों में कहा था कि 'जनसंख्या वृद्धि पर एक नीति बने, जिसमें दो बच्चों के कानून का प्रावधान हो। यह नीति सबके विचार व सहमति से बने क्योंकि जनसंख्या एक समस्या भी है और एक साधन भी बन सकती है।' इस बयान को लेकर खूब हाय–तौबा मची थी, जबकि ऐसा नहीं है कि जनसंख्या नियंत्रण पर संघ ने अपनी मंशा पहली बार जताई हो। इसके पहले रांची में संघ की अखिल भारतीय कार्यकरिणी समिति में जनसंख्या नीति का पुनर्निधारण किया गया था। जिसमें नीति को समान रूप से क्रियान्वित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसंख्या विस्फोट पर चिंता जताई थी। भाजपा के घोषणापत्र में भी यह मुद्दा शामिल है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुओं की आबादी घटने पर कई बार चिंता जता चुका है। साथ ही हिंदुओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने की सलाह भी संघ के सह कार्यवाहक देते रहे हैं। इन बयानों को अबतक हिंदु पक्षधरता के दायरे में समेटने की संकीर्ण मानसिकता जताई जाती रही है, जबकि इसे व्यापक दायरे में लेने की जरूरत है। कश्मीर, केरल समेत अन्य सीमांत प्रदेशों में बिगड़ते जनसंख्यात्मक अनुपात के दुष्परिणाम कुछ समय से प्रत्यक्ष देखने में आ रहे हैं। कश्मीर से 5 लाख हिंदुओं का विस्थापन, बांग्लादेशी घुसपैठियों के चलते असम व अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में बदलते जनसंख्यात्मक घनत्व के चलते जब चाहे तब दंगे के हालात उत्पन्न हो जाते हैं। यही हालात पश्चिम बंगाल में देखने में आ रहे हैं। जबरिया धर्मांतरण के चलते पूर्वोत्तर और केरल राज्यों में बढ़ता ईसाई वर्चस्व ऐसी बड़ी वजह बन रही है, जो देश के मौजूदा नक्शे की शक्ल बदल सकती है? लिहाजा परिवार नियोजन के एकांगी उपायों को खारिज करते हुए आबादी नियंत्रण के उपायों पर नए सिरे से सोचने की जरूरत है।भारत में समग्र आबादी की बढ़ती दर बेलगाम है। 15 वीं जनगणना के निष्कर्ष से साबित हुआ है कि आबादी का घनत्व दक्षिण भारत की बजाए, उत्तर भारत में ज्यादा है। लैंगिक अनुपात भी लगातार बिगड़ रहा है। देश में 62 करोड़ 37 लाख पुरुष और 58 करोड़ 65 लाख महिलाएं हैं। शिशु लिंगानुपात की दृष्टि से प्रति हजार बालकों की तुलना में महज 912 बलिकाएं हैं। हालांकि इस जनगणना के सुखद परिणाम यह रहे हैं कि जनगणना की वृद्धि दर में 3.96 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदुओं की जनसंख्या वृद्धि दर 16.7 प्रतिशत रही, जबकि 2001 की जनगणना में यह 19.92 फीसदी थी। वहीं 2011 की जनगणना में मुसलमानों की आबादी में वृद्धि दर 19.5 प्रतिशत रही, वहीं 2001 की जनगणना में यह वृद्धि 24.6 प्रतिशत थी। साफ है, मुस्लिमों में आबादी की दर हिंदुओं से अधिक है। विसंगति यह भी है कि पारसियों व ईसाईयों में भी जन्मदर घटी है। जबकि उच्च शिक्षित व उच्च आयवर्ग के हिंदू एक संतान पैदा करने तक सिमट गए हैं, जबकि वे तीन बच्चों के भरण–पोषण व उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने में सक्षम हैं। भविष्य में वे ऐसा करें तो समुदाय आधारित आबादियों के बीच संतुलन की उम्मीद की जा सकती है?यहां असम के डॉ. इलियास अली के जागरुकता अभियान का जिक्र करना जरूरी है। डॉ. अली गांव–गांव जाकर मुसलमानों में अलख जगा रहे हैं कि इस्लाम एक ऐसा अनूठा धर्म है, जिसमें आबादी पर काबू पाने के तौर–तरीकों का ब्यौरा है। इसे 'अजाल' कहा जाता है। इसी बिना पर मुस्लिम देश ईरान में परिवार नियोजन अपनाया जा रहा है। यही नहीं इसकी जवाबदेही धर्मगुरुओं को सौंपी गई है। ये ईरानी दंपत्तियों के बीच कुरान की आयतों की सही व्याख्या कर लोगों को परिवार नियोजन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. इलियास चिकित्सा महाविद्यालय गुवाहाटी में प्राध्यापक हैं। वे प्रकृति से धार्मिक हैं। उनसे प्रभावित होकर असम सरकार ने उन्हें खासतौर से मुस्लिम बहुल इलाको में परिवार नियोजन के क्षेत्र में जागरुकता लाने की कमान सौंपी है। डॉ. इलियास के इन संदेशों को पूरे देश में फैलाने की जरूरत है।आबादी नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में हम केरल द्वारा बनाए गए 'कानून वूमेन कोड बिल–2011' को भी एक आदर्श उदाहरण मान सकते हैं। इस कानून का प्रारूप न्यायाधीश वीआर कृष्ण अय्यर की अध्यक्षता वाली 12 सदस्यीय समिति ने तैयार किया था। इस कानून में प्रावधान है कि देश के किसी भी नागरिक को धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के आधार पर परिवार नियोजन से बचने की सुविधा नहीं है। हालांकि दक्षिण भारत के राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर संतुलित रही है क्योंकि इन राज्यों ने परिवार नियोजन को सुखी जीवन का आधार मान लिया है। बावजूद आबादी पर नियंत्रण के उपाय तभी सफल हो सकते हैं, जब सभी धर्मावलंबियों, समाजों, जातियों और वर्गों की सहभागिता हो। हमारे यहां परिवार नियोजन अपनाने में सबसे पीछे मुसलमान हैं। मुस्लिमों की बहुसंख्यक आबादी में आज भी यह भ्रम फैला है कि परिवार नियोजन इस्लाम के विरुद्ध है। कुरान इसकी अनुमति नहीं देता। ज्यादातर रूढ़िवादी धर्मगुरू मुस्लिमों को कुरान की अयातों की गलत व्याख्या कर गुमराह करते हैं।देश में पकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और बांगलादेशी मुस्लिमों की अवैध घुसपैठ, अलगावादी हिंसा के साथ जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ने का काम भी कर रही है। कश्मीर से 1988 में आतंकी दहशत के चलते मूल कश्मीरियों के विस्थापन का सिलसिला शुरू हुआ था। इन विस्थापितों में हिंदू, डोगरे, जैन, बौद्ध और सिख हैं। उनके साथ धर्म व संप्रदाय के आधार पर ज्यादती हुई और निदान आजतक नहीं हुआ। हालांकि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा धारा–370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात तेजी से बदल रहे हैं। लिहाजा उम्मीद की जा रही है कि विस्थापितों का अपने पुराने रहवासों में जल्द पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कश्मीर में स्थिति बिगड़ने के कारणों में एक जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ना है।इधर असम क्षेत्र में 4 करोड़ से भी ज्यादा बांगलादेशियों ने घुसपैठ कर यहां का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ दिया है। नतीजतन यहां नगा, बोडो और असमिया उपराष्ट्रवाद विकसित हुआ। इसकी हिंसक अभिव्यक्ति अलगाववादी आंदोलनों के रूप में देखने में आती रहती है। 1991 की जनगणना के अनुसार कोकराझार जिले में 39.5 फीसदी बोडो आदिवासी थे और 10.5 फीसदी मुसलमान। किंतु 2011 की जनगणना के मुताबिक आज इस जिले में 30 फीसदी बोडो रह गए हैं, जबकि मुसलमानों की संख्या बढ़कर 25 फीसदी हो गई है। कोकराझार से ही सटा है, धुबरी शहर। धुबरी जिले में 12 फीसदी मुसलमान थे, लेकिन 2011 में इनकी संख्या बढ़कर 98.25 फीसदी हो गई है। धुबरी अब भारत का सबसे घनी मुस्लिम आबादी वाला जिला बन गया है। 2001 की जनगणना के मुताबिक असम के नौगांव, बरपेटा, धुबरी, बोंगई गांव और करीमनगर जैसे नौ जिले में मुस्लिम आबादी की संख्या हिंदु आबादी से ज्यादा है। घुसपैठ ने भी आबादी का घनत्व बिगाड़ने का काम किया है।गौरतलब है कि असम समेत समूचा पूर्वोत्तर भारत से केवल 20 किमी चौड़े भूखण्ड से जुड़ा है। इन सात राज्यों को सात बहनें कहा जाता है। यह भूखण्ड भूटान, तिब्बत, म्यांमार और बांगलादेश से घिरा है। इस पूरे क्षेत्र में ईसाई मिशनरियां सक्रिय हैं, जो शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बहाने धर्मांतरण कर रही हैं। इसी वजह से नागालैंड ऐसा राज्य है, जहां ईसाई आबादी बढ़कर 98 प्रतिशत के आंकड़े को छू गई है। बावजूद भारतीय ईसाई धर्मगुरु कह रहे हैं कि ईसाईयों की आबादी बीते डेढ़ दशक में घटी है। चर्चों में होने वाली प्रार्थना सभाओं में इस संदेश को प्रचारित किया जा रहा है। इसपर कोई हंगामा नहीं होता है। जबकि संघ या भाजपा से जुड़ा कोई व्यक्ति आबादी नियंत्रण की वकालत करता है तो तत्काल हो–हल्ला शुरू हो जाता है। जबकि इस संवेदनशील मुद्दे को संजीदगी से लेने की जरूरत है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मां अन्नपूर्णा के स्वागत के लिए सजेगा बाबा का धाम : 15 को सीएम योगी करेंगे प्राणप्रतिष्ठा


वाराणसी ब्यूरो : काशी विश्वनाथ धाम में कनाडा से आ रही मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मां अन्नपूर्णा के स्वागत के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम को भी सजाया जाएगा। वहीं मूर्ति के आगमन वाले मार्ग पर जगह–जगह स्वागत और पूजन भी किया जाएगा। जिला प्रशासन के अलावा स्थानीय लोग भी माता अन्नपूर्णा के स्वागत की तैयारियां कर रहे हैं। बनारस से चोरी हुई मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा 14 नवंबर को आ जाएगी। माता अन्नपूर्णा की यह प्राचीन प्रतिमा बाबा विश्वनाथ के पास ही ईशान कोण में विराजेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर 15 नवंबर को प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा करेंगे। काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में प्राण प्रतिष्ठा के संपूर्ण अनुष्ठान काशी विश्वनाथ धाम में संपूर्ण होंगे। नई दिल्ली से प्रतिमा 11 नवंबर को सुसज्जित वाहन पर काशी रवाना होगी। अयोध्या समेत विभिन्न पड़ावों से होते हुए 14 की रात काशी पहुंचेगी। कनाडा से प्राप्त हुई देवी अन्नपूर्णा की 18वीं शताब्दी की प्रतिमा की 4 दिवसीय यात्रा भी आयोजित की गई है। यात्रा का यूपी के कई शहरों में होगा भव्य स्वागत। नई दिल्ली से शुरू होने वाली यात्रा गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और हाथरस से होकर गुजरेगी और कासगंज के सोरों में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा फिर एटा,




मैनपुरी, कन्नौज से होते हुए कानपुर के तपेश्वरी देवी मंदिर में रात में रुकेगी। इसके बाद मूर्ति को उन्नाव, लखनऊ और बाराबंकी के रास्ते राम जन्मभूमि अयोध्या ले जाया जाएगा। अयोध्या में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर से होकर 14 नवंबर को वाराणसी पहुंचेगी। भारतीय मूल की आर्टिस्ट ने पहचाना। कनाडा के मैकेंजी आर्ट गैलरी में मौजूद यह प्रतिमा यूनिवर्सिटी आफ रेजिना के संग्रह का हिस्सा थी। पिछले साल वर्ल्ड हेरिटेज वीक की शुरुआत होने के दौरान भारतीय मूल की आर्टिस्ट दिव्या मेहरा की नजर मूर्ति पर पड़ी और उन्होंने इसका मुद्दा उठाया। इसके बाद कनाडा ने पौराणिक महत्व की यह प्रतिमा भारत को सौंप दी थी। मैकेंजी आर्ट गैलरी में रेजिना विश्वविद्यालय के संग्रह से माता अन्नपूर्णा की प्रतिमा को अंतरिम राष्ट्रपति और विश्वविद्यालय के उपकुलपति थॉमस चेस ने कनाडा में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया को सौंपा था।

## रडार पर आसिफ व जसीम के मददगार : तलाश शुरू कौन कर रहा था फंडिग

प्रयागराज ब्यूरो : 60 हजार करोड़ की ठगी करने वाली कंपनी के एमडी आसिफ नसीम और डिप्टी डायरेक्टर मो. जसीम की गिरफ्तारी के बाद अब उनके मददगारों की तलाश शुरू हो गई है। आर्थिक अपराध शाखा( ईओडब्ल्यू) अब उन लोगों का पता लगाने में जुट गई है जिन्होंने फरारी के दौरान दोनों की मदद की। उन्हें फंड मुहैया कराया और अलग–अलग जगहों पर ठिकाना बनाने में भी उसका सहयोग किया। आसिफ व जसीम दो दिन पहले ही गिरफ्तार किए गए थे। दोनों से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि वह काफी दिन प्रयागराज में रहे और अलग–अलग शहरों में भी फरारी काटी। इस दौरान न सिर्फ वह ऐशोआराम की जिंदगी बिताते रहे बल्कि बाहर के शहरों में रहने के दौरान बेरोकटोक शहर में भी आते–जाते रहे। अपने घरवालों के भी संपर्क में रहे। सूत्रों का कहना है कि दोनों से पूछताछ में यह भी बात सामने आई है कि फरारी के दौरान कई लोगों ने उनकी मदद की। उन्हें आर्थिक मदद तो दी ही, अन्य तरह से भी मदद पहुंचाई। इसमें अलग–अलग शहरों में उनके रहने के इंतजाम से लेकर अन्य व्यवस्थाएं शामिल रहीं। ऐसे में अब कंपनी से जुड़े मुकदमों





की जांच में जुटी ईओडब्ल्यू की टीम उन मददगारों का भी सुराग हासिल करने में जुट गई है। सूत्रों का कहना है कि दोनों आरोपियों के उन नंबरों का डिटेल खंगाला जा रहा है जिनका उपयोग उन्होंने फरारी के दौरान किया। इन नंबरों की सीडीआर निकलवाई जा रही है। इसके बाद उन नंबरों के जरिए उन लोगों तक पहुंचा जाएगा जो लगातार दोनों के संपर्क में थे। संपत्तियों की भी जुटाई जा रही है जानकारी। ईओडब्ल्यू की टीम ने करेली के जीटीबी नगर निवासी आसिफ व नैनी के शाहजी का पूरा गांव निवासी जसीम की संपत्तियों का भी पता लगाना शुरू कर दिया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि 2013 के बाद से दोनों ने क्या क्या संपत्तियां बनाईं। 2013 से पहले उनकी क्या स्थिति थी और इसके बाद उनकी आर्थिक हालत क्या रही। जो संपत्तियां बनाई गईं, उनमें लगी रकम का स्रोत क्या था।

## प्रयागराज में दिवाली पर बिक रही खास तरह की कस्तूरी बर्फी : कीमत सुनकर उड़ जाएंगे होश

प्रयागराज ब्यूरो : दिवाली के अवसर जीरो रोड चौक स्थित भगवान दास प्रहलाद दास एंड संस ने इस बार एक खास तरह की मिठाई बनाई है। मिठाई खाने में खास तो है ही लेकिन इसकी कीमत ऐसी है कि अच्छे–अच्छे लोगों के होश उड़ जाएं। दिवाली के मौके पर भगवान दास के प्रतिष्ठान पर 40 हजार रुपये किलो केसर कस्तूरी बर्फी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस बर्फी को लेकर प्रतिष्ठान के संचालक अंकित गुप्ता बताते हैं कि दिवाली के लिए ही इस बर्फी को खासतौर पर तैयार करवाया गया है। नाम के अनुरूप इस बर्फी में केसर और कस्तूरी का खासा मिश्रण है। इस बर्फी में कस्तूरी और केसर को भी खासतौर से कश्मीर से ही मंगाया गया है। इसकी पैकिंग भी बेहद खास है। क्योंकि मिठाई बहुत महंगी है इस वजह से 5 किलो केसर कस्तूरी बर्फी ही इस बार बनाई गई है। इसके पीस काफी छोटे हैं। प्रति पीस इसकी कीमत 100 रुपये के आसपास आती है। उन्होंने कहा कि कई ग्राहकों ने केसर कस्तूरी बर्फी की एडवांस बुकिंग भी करवाई है। दीपावली पर 'आतिशी' चॉकलेट की धूम। दिवाली पर चॉकलेट ने भी पटाखों का रूप ले लिया है। इस बार बाजार में अनार, रॉकेट, चकरी, सुतली बम के आकार की चॉकलेट की भी बिक्री की जा रही है। इस तरह की चॉकलेट के 80 से 400 रुपये तक के गिफ्ट पैक तैयार किए गए हैं। सिविल लाइंस स्थित बीएसएनएल लेन में आयोजित दिवाली मेले में ऐसी चॉकलेट का स्टाल लगा है। दुकानदार आरुषि का कहना है कि उन्होंने पहली बार यहां दुकान लगाई है। लोगों में इसे लेकर खासा क्रेज है। 4.18 लाख के मिलावटी खाद्य पदार्थ नष्ट। दिवाली एवं भैया दूज पर मिठाई खाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। मिलावटी और खराब खाद्य पदार्थों से भी बाजार पटे हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से ही 3358 किग्रा खाद्य पदार्थ नष्ट कर दिए गए हैं। इसके अलावा 192 संदिग्ध नमूने लिए गए हैं। त्योहारों को देखते हुए विभाग की ओर से 26 अक्तूबर से दो नवंबर के बीच विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडल में 385 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 189 प्रतिष्ठानों में संदिग्ध खाद्य सामग्री मिली। इन प्रतिष्ठानों से 192 नमूने लेक र जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य संजय कुमार पांडेय के अनुसार 3358 किलो ग्राम मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त एवं नष्ट किए गए, जिनका कुल अनुमानित मूल्य 4,18,160 रुपये है। उन्होंने बताया कि दिवाली के बाद भी अभियान जारी रहेगा।

## 265 रुपये में पर्यटन ट्रेन से कर सकेंगे यात्रा : जानिए क्या मिलेगी सुविधा

गोरखपुर ब्यूरो : पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की पहल पर रेलवे बोर्ड ने अब पर्यटक ट्रेन की एसी रेल कार का किराया 265 रुपये निधारित कर दिया है। स्पीड ट्रायल और परीक्षण भी हो चुका है। लखनऊ मंडल प्रशासन की हरी झंडी मिलते ही इसका संचालन शुरू हो जाएगा। पर्यटक ट्रेन मैलानी से बिछिया तक मीटरगेज ट्रैक पर चलेगी। यह ट्रेन 107 किमी की दूरी लगभग पांच घंटे में पूरी करेगी। ट्रेन मैलानी, मीरा खीरी, पलिया कलां, दुधवा, बलराया, तिकुनिया, खैरतिया बांधा रोड, मंछरा पूरब और बिछिया स्टेशनों पर रुकते हुए चलेगी। पर्यटक ट्रेन में वातानुकूलित कुर्सीयान वाली दो एसी रेल कार लगाई जाएगी। कार की आंतरिक व वाह्य सज्जा वन क्षेत्र में होने का अहसास कराएगी। 60 सीटों वाली रेल कार की चौड़े विंडो ग्लास से पर्यटक सीट पर दोनों तरफ वन्यजीवों का विचरण देख सकेंगे। शेष कोच साधारण ही होंगे। उनका टिकट भी सामान्य ट्रेनों के आधार पर बुक होगा। ट्रेन में पैक्ड फूड, चाय–काफी व कोल्ड ड्रिंक्स भी खरीदा जा सकेगा। इस पर्यटक ट्रेन के चल जाने से ऐतिहासिक ट्रैक की उपयोगिता के साथ पर्यटन और रेलवे की आय भी बढ़ जाएगी। एनईआर के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रेल यात्री भी दुधवा नेशनल पार्क का लुत्फ उठा सकेंगे। मीटर गेज का वातानुकूलित टूरिस्ट कोच चलाने का निर्णय लिया गया है। वातानुकूलित टूरिस्ट कोच का किराया 265 रुपये निर्धारित कर दिया गया है।

## सीएम योगी ने वनटांगिया गांव में मनाई दिवाली : बोले– रामराज्य का सपना हुआ साकार

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नंबर तीन में वनवासियों के बीच दिवाली मनाते हुए कहा कि शासन की जो योजनाएं पहले यहां सपना थीं, अब आसानी से हर पात्र तक उपलब्ध हैं। आजादी के बाद भी 70 साल तक वनटांगिया गांवों में कोई बुनियादी सुविधा तो दूर वोटिंग का अधिकार तक नहीं था, वहां 2017 के बाद से विकास की नई गाथा लिखी गई है। उन्होंने कहा कि अब यहां हर व्यक्ति के पास अपना पक्का मकान, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, पीने को शुद्ध पानी, खेती के लिए जमीन का पट्टा, राशनकार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, पात्रता के अनुसार पेंशन, समेत सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से उपलब्ध है। रामराज्य इसी को कहते हैं और इस रामराज्य की अवधारणा वनटांगिया गांव में साकार हुई है। अयोध्या में जन्मभूमि पर रामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन करने के बाद वनटांगिया गांव तिनकोनिया नंबर तीन पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क व अन्य बुनियादी सुविधाओं वाली आठ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने गोरखपुर–महराजगंज के वनटांगिया गांवों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उपहार दिए। उपस्थित जनसमूह को दिवाली की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी मिलने के बाद भी किसी ने उपेक्षित वनटांगिया समुदाय की सुध नहीं ली थी। यहां के लोगों के पास आवास, बिजली,सड़क, पानी, खेती के लिए जमीन जैसी सुविधाएं नहीं थीं। यहां तक कि इन लोगों को अपनी पसंद का प्रधान चुनने का अधिकार भी






नहीं था। सीएम ने कहा कि 2017 में हमारी सरकार बनी तो हमनें वनटांगिया गांवों को राजस्व गांव घोषित कर शासन की सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ दिलाया। आज यहां हर एक परिवार के पास अपना पक्का आवास, शौचालय, खेती के लिए जमीन का पट्टा है। विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब इन लोगों को वन विभाग या पुलिस के शोषण का शिकार नहीं होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने वनटांगिया परिवारों को मिले विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ का भी विस्तार से उल्लेख किया । उन्होंने बताया कि अब तक 874 को आयुष्मान कार्ड, 132 को किसान सम्मान निधि, 14 को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, 833 को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है। 43 समूहों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य हो रहे हैं। 916 को व्यक्तिगत शौचालय, 758 को उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन, 154 को वृद्धावस्था पेंशन, 71 को निराश्रित पेंशन, 33 को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिला है। इसके साथ ही 3 से 6 वर्ष के 195 बच्चों, 6 माह से 3 वर्ष तक के 232 बच्चों व 34 गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। सड़क, बिजली, पानी और स्कूल जैसी सभी वह सुविधाएं उपलब्ध हैं जो पहले सपना लगती थीं।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव को घर में घेरेगी भाजपा : अमित शाह करेंगे रैली

गोरखपुर ब्यूरो : विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को घर में घेरने की रणनीति बनाई है। इसी लिहाज से 13 नवंबर को आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की नींव रखी जा रही है। साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली कराने की तैयारी है। आजमगढ़ से ही अखिलेश यादव सांसद हैं। बता दें कि आजमगढ़ भी भाजपा गोरखपुर क्षेत्र का हिस्सा है। इस जिले को सपा का गढ़ माना जाता है। मोदी लहर में भी भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। लिहाजा, इस बार भाजपा दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। इसकी कमान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाली है। मुख्यमंत्री शुक्रवार (पांच अक्तूबर) को आजमगढ़ जाएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री की रैली व राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेंगे। साथ ही कार्यक्रम स्थल का चुनाव करेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज से जनता खुश है। इस बार बड़ी जीत मिलेगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह यादव को जनता ने मौका दिया, लेकिन कुछ नहीं कर सके। योगी सरकार राज्य विश्वविद्यालय की सौगात देने जा रही है। इसका फायदा युवाओं को मिलेगा। क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास समारोह और रैली ऐतिहासिक होगी। विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली थी दस में से एक सीट। आजमगढ़ में विधानसभा की दस सीटें हैं। साल



2017 के चुनाव में भाजपा को फूलपुर पवई सीट पर जीत मिली थी। इस सीट से भाजपा के अरुणकांत यादव विधायक हैं। नौ सीटें सपा और बसपा के खाते में गई थीं। लिहाजा, भाजपा का पूरा ध्यान प्रदर्शन सुधारने पर है। इसी कड़ी में राज्य विश्वविद्यालय की नींव डाली जा रही है। पार्टी का प्रयास है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में और ज्यादा सीटें जीती जा सकें। ये हैं सीटें – फूलपुर पवई, गोपालपुर, दीदारगंज, मुबारकपुर, मेंहनगर (सुरक्षित), लालगंज (सुरक्षित), अतरौलिया, सगड़ी, आजमगढ़ सदर और निजामाबाद। आजमगढ़ लोकसभा सीट पर नहीं मिली थी जीत। मोदी लहर में भी भाजपा लालगंज और आजमगढ़ लोकसभा सीट नहीं जीत पाई थी। 2014 में आजमगढ़ से सपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने चुनाव जीता था। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जीत मिली थी। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित लालगंज सीट से चुनाव जीता था। नीलम सोनकर सांसद बनी थीं, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में यह सीट भी भाजपा के हाथ से निकल गई।

## सीएम सिटी में 75 करोड़ रुपये से बनेगी दो और मल्टीलेवल पार्किंग : 1000 गाड़ियां हो सकेंगी पार्क

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर को जाम से निजात दिलाने के लिए दो और मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी। नगर निगम के प्रस्ताव पर जल निगम की कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) ने इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली है। इनमें एक मल्टी लेवल पार्किंग रेलवे बस स्टेशन और दूसरी बसंतपुर घंटाघर के पास बंधु सिंह पार्क में बनाई जाएगी। करीब 75 करोड़ की लागत से बनने वाली इन दोनों पार्किंग में 1000 से ज्यादा गाड़ियां खड़ी हो सकेंगीं। शहर की सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर खड़े होने वाले वाहन और उनकी वजह से लगने वाला जाम है। इसे दुरुस्त करने के लिए शासन–प्रशासन की तरफ से प्रयास भी किए जा रहे हैं मगर अभी भी यह बड़ी चुनौती बनी हुई है। प्रशासन की तरफ से कचहरी क्लब ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही जीडीए के द्वारा गोलघर के जलकल परिसर में बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग की भी शुरूआत हो चुकी है। 25 अक्तूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका शुभारंभ किया था। इस पार्किंग में 300 चार पहिया और 300 दो पहिया वाहन पार्क करने की सुविधा है। वहीं नगर निगम के निर्माणाधीन नए सदन में भी करीब 300 गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अब नगर निगम प्रशासन, शहर की घनी आबादी वाले बाजार घंटाघर में जाम की समस्या को देखते हुए बंधु सिंह पार्क में भी करीब ढाई सौ गाड़ियों की क्षमता की मल्टीलेवल पार्किंग की योजना तैयार की है। इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इसके अलावा नगर निगम द्वारा रेलवे बस स्टेशन पर भी 750 से भी ज्यादा गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था के लिए छह मंजिला पार्किंग बनाई जाएगी। नगर निगम के प्रस्ताव पर सीएंडडीएस ने दोनों मल्टी लेवल पार्किंग का डीपीआर तैयार करा ली है। इनमें से एक का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। वहीं दूसरे की रिपोर्ट जल्द ही शासन को भेज दी जाएगी।रेजीडेंट इंजीनियर सीएंडडीएस संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि बसंतपुर घंटाघर में बनने वाले मल्टी लेवल पार्किंग का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। जल्द ही प्रस्ताव के स्वीकृत हो जाने की उम्मीद है। वहीं रेलवे बस स्टेशन मल्टी लेवल पार्किंग की डीपीआर तैयार करके डीएम को भेजी जा चुकी है। जल्द ही उनके तरफ से शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कहा कि शहर से जाम की समस्या को दूर करने के लिए बंधु सिंह पार्क बसंतपुर और रेलवे बस स्टेशन के पास मल्टी लेवल पार्किंग का प्रस्ताव है। जल्द ही दोनों पार्किंग के लिए शासन से फंड मिल जाने की उम्मीद है।

## हनुमान मंदिरों में भक्तों के जयकारे से गूंजता रहा मंदिर : जगह जगह आयोजित किये गए मानस पाठ एवं निकाली गई शोभा यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बुधवार को हनुमान जयंती पर जिले के प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर में बजरंग बली का श्रृंगार, सुंदरकांड का पाठ, प्रवचन व भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 हनुमत पीठाधीश्वर महंत बाबा रामरतन दास (मानस मराल) की अगुवाई में हनुमत जयंती महोत्सव का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी तादाद में भक्तों ने सहभागिता की। वही नगर बीआरपी इंटर कॉलेज के प्रसिद्ध हनुमानजी मंदिर के संस्थापक विधु प्रकाश मिश्र द्वारा नगर के रुपट्टा मोहल्ले से हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त हुई इस दौरान भक्त भारी संख्या में उमड़े रहे गाजे बाजे के साथ हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई ।नगर के प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में भी हनुमत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिले से



बड़ी तादाद में भक्तों ने विजेठुआ महावीर, अजोशी महावीर मंदिर, कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर व टीडी कालेज स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर भक्तों ने मत्था टेका और प्रभु से आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों के जयकारे से मंदिर परिसर पूरे दिन गूंजता रहा।

## बसपा नेता विनय कश्यप एवं राकेश गौतम ने वितरित किए उपहार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। वेद हाइट्स इंफ्रा बिल्ट प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार कश्यप ने दीपावली के शुभ अवसर पर 300 से अधिक ग्राहकों एवं बहुजन समाज पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं



तथा तमाम समाजसेवियों को अंगवस्त्रम, मिष्ठान, सहयोग राशि तथा दीपावली त्यौहार में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री तथा पूजन सामग्री वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डायरेक्टर राकेश कुमार गौतम ने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी और मिष्ठान वितरण किया। रीजनल मैनेजर विवेक भटनागर ने अपनी टीम के सभी सदस्यों को मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार कश्यप से विशेष रुप से उपहार दिलवाए और शुभकामनाएं दी।

## त्योहार का रस ट्रेनें फुल : यात्री 'बे'बस– ट्रेनों के आरक्षित कोच में जनरल टिकट लेकर चढ़े यात्री

कानपुर ब्यूरो : दिवाली में घर जाने वालों को बड़ी मुश्किल से ट्रेनों और बसों में जगह मिल रही है। अनारक्षित श्रेणी की ट्रेनों में तो यात्रियों को बैठने की जगह नहीं मिली। एक्सप्रेस, मेल ट्रेनों के सेकेंड स्लीपर यानी आरक्षित श्रेणी वाले जनरल कोचों में भी यात्री चढ़ गए। आम तौर पर इन कोचों में यात्रा के लिए रिजर्वेशन कराना होता है, लेकिन भीड़ की वजह से यात्री जनरल टिकट लेकर चढ़ गए। झकरकटी बस अड्डे पर भी मारामारी रही। अतिरिक्त बसों के चलने के बावजूद यात्रियों को खड़े होकर जाना पड़ा। गुरुवार दोपहर तक ऐसी ही भीड़भाड़ रहेगी। हरदोई, रायबरेली और पूर्वांचल के यात्री ज्यादा। झकरकटी बस अड्डे पर सबसे ज्यादा यात्री रायबरेली, प्रतापगढ़, हरदोई रूट के रहे। इन रूटों पर बसों के अतिरिक्त फेरे और रिजर्व बसों के संचालन के बाद भी भीड़ रही। यहां यात्री ज्यादा थे और बसें कम। कंट्रोल रूम से भी सबसे ज्यादा इसी रूट के यात्रियों को संबंधित प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए एनाउंसमेंट होता रहा। इसके अलावा गोरखपुर, देवरिया, प्रयागराज, जौनपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी, फैजाबाद, बहराइच, सिद्धार्थ नगर के यात्री सबसे ज्यादा रहे। यहां की सीधी बसें कम होने की वजह से यात्रियों ने लखनऊ की बस पकड़ी। बुंदेलखंड के बांदा, हमीरपुर, महोबा के भी यात्री थे। बसों से घरों जाने वाले ज्यादातर यात्रियों में श्रमिक, कामगार वर्ग का तबका रहा, जो परिवार के साथ घर जा रहे थे। झकरकटी बस अड्डा के एआरएम राजेश सिंह ने बताया कि कोरोना काल के पहले जिस तरह से दिवाली के एक दिन पहले भीड़ होती थी,



उसकी तुलना में इस बार पैसेंजर लोड 60 प्रतिशत ही रहा। फिलहाल जो बसें थीं, उनमें यात्री भरकर गए। अभी वह नौबत नहीं आई कि किसी को बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा हो।

आरक्षित और अनारक्षित श्रेणी की ट्रेनों में चढ़ गए यात्री

परिवार के साथ घर पहुंचने की जल्दबाजी और उत्सुकता की वजह से रेल यात्री हर श्रेणी की ट्रेनों में जनरल कोच का टिकट लेकर चढ़ गए। कानपुर–प्रतापगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस, झांसी और आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस, लखनऊ–कानपुर मेमू, प्रयागराज संगम–कानपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, चित्रकूट इंटरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में तो भीड़ थी।

मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में तो यात्री जनरल कोच का टिकट लेकर चढ़ गए। भीड़ इतनी थी कि टीटीई ने भी यात्रियों का सिर्फ टिकट चेक किया। कुछ ट्रेनों में चेकिंग भी नहीं हो सकी। पूर्वांचल जाने वाली मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के रिजर्व कोच में जनरल श्रेणी का टिकट खरीदकर यात्री चढ़े।

## कर्म प्रधान विश्व रची राखा, जो जस करु तो तस फल चाखा : मनुष्य के कर्मों के हिसाब से फल मिलता है – दुर्गेश अग्रहरि

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोइरीडीहा बाजार में दशमी के तीसरे दिन से ही रामलीला का पाठ होना प्रारंभ हो जाता है। रामचरितमानस के दो से तीन काण्ड प्रतिदिन शाम 9:00 बजे से मध्य रात्रि 12:00 बजे तक रामलीला समिति कोइरीडीहा के माध्यम से होता है, रामलीला में रोल निभाने के लिए अच्छे प्रतिभागी प्रतिदिन रिहल्सल कर अपने कार्य के अंजाम देने के लिए तत्पर रहते हैं। जिससे किसी प्रकार की त्रुटि ना हो सके। बताया जाता है कि स्व.रामराज मौर्य इस रामलीला न्यू रखे थे। दुर्भाग्यवश अब अपने समिति के बीच नहीं रह सके। उनका दायित्व निभाते हुए सुजीत मौर्या ने रामलीला समिति की अध्यक्षता कर रहे है। बुधवार रात को अपना – अपना रोल निभा रहे बाली का रोल शशिकांत यादव, सुग्रीव का रोल तीरथ यादव, राम का रोल विमलेश शर्मा, लक्ष्मण का रोल निलेश गुप्ता, सीता का रोल गुपचुप प्रजापति, रावण का रोल कमलेश मिश्रा, हनुमान का रोल बृजेश गुप्ता आदि कलाकारों ने मिलकर समाज मे एक संदेश दिया कि मनुष्य



के कर्म के हिसाब से ही उसको फल मिलता है, जैसा कर्म रहेगा उसी के हिसाब से उसको फल मिलेगा। इसलिए जो भी कार्य करें बहुत सोच समझ कर ही उस कार्य को अंजाम दें। सभी कलाकार स्थानी है, और कुछ ऐसे कलाकार जो यहां से पाठ करने के समय ही सरकारी कर्मचारी नियुक्त होने के बावजूद भी इस रामलीला समिति को शारीरिक सहयोग न करने की अभाव में आर्थिक सहयोग निरन्तर प्रदान करते आ रहे है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमत कृपा ट्रस्ट का गठन

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ। खुशियों के त्यौहार दीपावली से एक दिन पहले नरक चतुर्दशी व हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर हनुमत कृपा पत्रिका परिवार व हनुमत कृपा मीडिया यू ट्यूब चौनल टीम की संयुक्त टीम ने उत्साहपूर्वक हनुमत कृपा ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन कराया. हनुमान जी व पूज्य बाबा नीब करौरी महाराज जी के परम् भक्त डॉ. श्याम लाल कपूर को सर्वसहमति से ट्रस्ट का संरक्षक बनाया गया. ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन



के बाद संत ह्रदय कपूर जी ने सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया.हनुमत कृपा ट्रस्ट की 14 सदस्यीय नवगठित कार्यकारिणी में सर्वश्री डॉ. श्याम लाल कपूर (संरक्षक), नरेश दीक्षित ( अध्यक्ष, मुख्य ट्रस्ट्री), शिवा कांत शुक्ल (उपाध्यक्ष), पं. अनुराग मिश्र (सचिव), व नीलेश मिश्र (कोषाध्यक्ष) बनाये गये हैं. इसके अलावा, हनुमान भक्त शरद कपूर, कमलेश बाजपेई, एस. डी. दीक्षित, सियाराम पाण्डेय शांत, नीलम दीक्षित, रमेश शर्मा, जितेंद्र कुमार, आशीष दीक्षित, आर. एल पाण्डेय व प्रमोद गुप्ता को कार्यकारिणी में शामिल किया गया. गुड़गांव (हरियाणा) निवासी संत ह्रदय उमेश टंडन को ट्रस्ट में सलाहकार बनाया गया है जो समय – समय पर ट्रस्ट समिति को अमूल्य सुझाव देते रहेंगे.ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन का कार्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजय शाक्य ने पूरा कराया. हनुमान भक्त प्रमोद शुक्ल ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया. नवनियुक्त उपाध्यक्ष शिवा कांत शुक्ल एडवोकेट ने सभी को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया. व्योवृद्ध संरक्षक डॉ. एस. एल कपूर ने शरद कपूर के सहयोग से ट्रस्ट के सभी लोगों को दीपावली गिफ्ट देकर सम्मानित किया. ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्यों ने हनुमान जी के अनन्य भक्त कपूर जी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## विधायक ने चीनी मिल के दो अधिकारियों को पांच घंटे बैठाए रखा

बरेली ब्यूरो : गोला चीनी मिल के यूनिट हेड ओमपाल सिंह और फैक्ट्री मैनेजर आरके मिश्र को वायदा करने के बावजूद गन्ने का बकाया भुगतान 30 नवंबर तक न करना महंगा पड़ गया। विधायक ने बुधवार को दोनों अधिकारियों को करीब पांच घंटे तक चीनी मिल के दोनों अधिकारियों को अपने आवास में बैठाए रखा। डीएम के हस्तक्षेप पर 10 नवंबर तक भुगताने करने के आश्वासन पर दोनों अधिकारियों को छोड़ा गया। विधायक अरविंद गिरी से बुधवार सुबह 10 बजे गोला चीनी मिल के यूनिट हेड ओमपाल सिंह और फैक्ट्री मैनेजर आरके मिश्र से गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के संबंध में बातचीत करने पहुंचे। विधायक ने चीनी मिल के दोनों अधिकारियों को अपने घर के एक कमरे में बैठा लिया। कहा कि भुगतान न होने पर चीनी मिल के दोनों अधिकारी यहीं दिवाली मनाएंगे। विधायक ने इस संबंध में डीएम, भाजपा जिलाध्यक्ष आदि को सूचित भी कर दिया था। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश की चीनी मिलों को 4200 करोड़ रुपये भुगतान उनकी स्थिति सुधारने और किसानों को बकाया भुगतान करने के लिए केंद्र सरकार से दिलवाया हे। सभी चीनी मिलें किसानों का



भुगतान कर रही हैं, लेकिन बजाज समूह की गोला चीनी मिल ने 14 सितंबर 2021 के बाद कोई भुगतान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि गोला चीनी मिल की इस वायदा खिलाफी से वह अत्यंत क्षुब्ध है। करीब पांच घंटे बाद बुधवार देर शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के आश्वासन पर चीनी मिल के अधिकारियों ने 10 नवंबर तक पिछले पेराई सत्र का 20 दिसंबर तक का भुगतान और 30 नवंबर तक पूरा भुगतान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद चीनी मिल के यूनिट हेड ओमपाल सिंह और फैक्ट्री मैनेजर आरके मिश्रा को जाने दिया गया।

## प्रदेश के कोने–कोने से रोग मुक्ती के लिए भेला पीने आते हैं लोग : 3 दिन लगातार चलता है यह मेला

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : ऐतिहासिक भेलहिया मेला में लोग जौनपुर शहर से ही नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य जगहों से भी हजारो की संख्या में लोग यहां आते हैं। रोग से मुक्ति पाने के लिए भेला पीने जौनपुर शहर के करंजाकला ब्लॉक के गिरधरपुर गांव में लगने वाले ऐतिहासिक भेलहिया मेला में आते हैं यह मेला दीपावली पर्व पर लगता है और 3 दिन तक चलता है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में लगने वाले ऐतिहासिक भेलहिया मेला मे हजारो लोग आते है।मेले मे राउर बाबा,भुनगा माता के दर्शन कर पोखरे मे स्नान कर भेला का रस पीते है।ऐसा माना जाता है की दर्शन और पोखरे मे स्नान करने शरीर से कई रोग खत्म हो जाते है इसी मान्यता से हर साल मेला का आयोजन किया जाता है। कोरोनावायरस के चलते पिछले वर्ष यह मेला नहीं लग सका था लेकिन कोरोनावायरस तार ने इस बार लोगों को राहत दी है और इस बार जमकर लोग मेले की तैयारी कर रहे हैं मंगलवार सुबह से ही दूर दराज के लोग दुकानें लगाने के लिए यहां आना शुरू कर दिए है। मेले में 500 से अधिक मिठाई,खिलौने सहित अन्य चीजों की दुकानें



लगती है। दीपावली के पर्व पर लगने वाला भेलहिया मेला मे आस –पास के गांव से सैकडो लोग बेला और उपली लेकर मेला स्थल पर मंगलवार से ही डटे हैं दुकानदारों ने इस बार कोरोनावायरस से मिली राहत के कारण मेला के बड़ी खरीदारी का अनुमान लगाया है जिसके चलते मेला में 1 दिन पहले से ही लोगों का आना–जाना शुरू हो गया है और पहले से ही आकर दुकान लगाने के लिए जगह का चुनाव कर लिए है।

## 13 लोगों में जीका वायरस की पुष्टि : 49 हुई संक्रमितों की संख्या

कानपुर ब्यूरो : कानपुर में दिवाली के दिन जीका बम फूटने से पूरे शहर में हड़कंप मच गया। गुरुवार को एक साथ 13 लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही शहर में कुल जीका संक्रमितों की संख्या 49 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने संक्रमितों को फोन कर घर पर ही रहने की सलाह दी है। नेशनल वायरोलॉजी सेंटर पुणे से आई रिपोर्ट में खुलासा हुआ तो सनसनी फैल गई। आनन–फानन में



सर्विलांस टीम को सक्रिय किया गया। नए संक्रमितों को फोन कर जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी गई। सभी को होम आइसोलेशन में रहने को कहा गया। संक्रमितों इलाज स्वास्थ्य विभाग अपनी निगरानी में कराएगा। चपेट में आने वालों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उम्र के लोग शामिल हैं। ऐसे बढ़ रहा संक्रमण। – 23 अक्टूबर को पहला रोगी मिला– 30 अक्टूबर को तीन और रोगी मिले– 31 अक्टूबर को छह रोगी मिले– 3 नवंबर को 25 रोगी मिले – 4 नवंबर को 13 रोगी मिले। कुछ तथ्य– जीका वायरस डेंगू फैलाने वाले मच्छर एडीज से फैलता है– गर्भवती महिलाओं के लिए यह अधिक खतरनाक है– गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क का विकास नहीं होता– इसकी मृत्यु दर कम बताई जाती है– पहली बार वर्ष 1952 में यह अफ्रीका के जंगल में एक लंगूर में मिला– वर्ष 1954 में इसे विषाणु करार दिया गया– वर्ष 2007 में एशिया और वर्ष 2021 में केरल और महाराष्ट्र में केस मिले– 60 फीसदी संक्रमितों में रोग के लक्षण नहीं उभरते। रोग के लक्षण– हल्का बुखार– शरीर में दाने और लाल चकत्ते– सिर दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द– आंखों में लाली– गुलेन बारी सिंड्रोम, न्यूरोपैथी बचाव– खुद को मच्छरों के काटने से बचाएं – शरीर को फुल आस्तीन के कपड़ों से ढंके रखें – मच्छरों को घर के आसपास पनपने न दें – गर्भवती महिलाओं को खासतौर पर मच्छरों से बचाएं – घर के टूटे बर्तन, टायर, कूलर में पानी भरा न रहने दें।

## महालक्ष्मी के स्वागत में दुल्हन की तरह सजी ताजनगरी : घर–घर जलेंगे खुशियों के दीप

आगरा ब्यूरो : कोरोना और डेंगू की परेशानियों से दूर आज खुशियों के दीप घर–घर में जगमग होंगे। घरों से लेकर बाजारों तक में उल्लास है। सुप्रीम कोर्ट ने हरित पटाखों की अनुमति दी तो प्रशासन ने भी आज आतिशबाजी के लिए दो घंटे निर्धारित किए हैं। रंगोली, बंदनवार से सजे घरों को रंगबिरंगी झालरों से सजाने के बाद महालक्ष्मी के आगमन के लिए तैयार किया गया है। आज शाम को घरों और प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीगणेश और महालक्ष्मी का पूजन किया जाएगा। पूजन के बाद हरित पटाखों की धूम मचेगी। महालक्ष्मी के स्वागत के लिए पूरा शहर सज–धजकर तैयार है। हर गली–मोहल्ले, कॉलोनी, बाजार, शोरूम को सतरंगी रोशनी से सजाया गया है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार दिवाली पर महालक्ष्मी के पूजन के लिए चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर भगवान श्री गणेश और लक्ष्मी जी की प्रतिमा स्थापित करें। गंगाजल छिड़क कर उस स्थान एवं आसन को पवित्र करें। मां लक्ष्मी के समीप केसर युक्त चंदन से अष्टदल कमल बनाकर चांदी का सिक्का रखकर पूजा करें। गणेश लक्ष्मी को वस्त्र, आभूषण, पुष्पमाला, केसर, चंदन, अक्षत, इत्र अर्पित करें। प्रतिमा के दाहिनी ओर शुद्ध घी का दीपक जलाएं और बायीं ओर तेल का दीपक जलाकर रखें। मां सरस्वती पूजन के निमित्त बहीखाते, कॉपी, पेन का पूजन करें। रुपये रखने के स्थान पर स्वास्तिक बनाकर कुबेर भगवान का पूजन करें। दवात की शीशी या पेन लेखनी पर काली मां का पूजन करना चाहिए। भगवान श्रीगणेश एवं महालक्ष्मी को पांच प्रकार की मेवा, पांच फल, पांच मिठाई, खील बताशे, नैवेद्य, पान, सुपारी, इलायची लौंग अर्पित करें। सभी देवी देवताओं को नैवेद्य अर्पित करें। 21 दीपक मां लक्ष्मी के समीप प्रज्ज्वलित करें। घर के सभी कमरों के कोने–कोने में दीपमाला का प्रकाश फैलाएं। धूप दीप से आरती करें।

## आजादी के बाद से इस गांव में नहीं हुआ विद्युतीकरण : दिवाली पर प्रशासन ने लगवाए जेनरेटर

एटा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के जनपद एटा के कस्बा राजा का रामपुर से महज 600 मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत पहरा का गांव तुलई है। कुल 40 घरों वाले इस गांव की आबादी लगभ 500 की है। आजादी के बाद से यहां अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। आम दिनों में जहां लोग लालटेन और मोमबत्ती की रोशनी से काम चलाते हैं। दिवाली पर चारों ओर के गांवों की चकाचौंध देखकर गांव के लोग निराश रहते थे। इसे लेकर हाल ही में एक ट्वीट किया गया तो शासन ने मामले को गंभीरता से लिया। बुधवार देर शाम अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दो जेनरेटर तथा गांव में तीस लाइटों की व्यवस्था की गई। रात तक अधिकारी गांव में डेरा डाले रहे। ग्रामवासियों को जानकारी दी कि जल्द ही गांव का विद्युतीकरण कराया जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी भूपसिंह बघेल, एक्सईएन राजकुमार, एसडीओ आफताब आलम, जेई जितेन्द्र कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी भूप सिंह बघेल, लाइनमेन दिलीप कुमार, संजय, भोले सिंह आदि रहे। चार दिन की चांदनी से संतुष्ट नहीं ग्रामवासी । ग्राम नगला तुलई मे



चार–पांच दिन दिवाली मनाने के लिए की गई व्यवस्था से ग्रामीण खुश तो हैं, लेकिन इस बात को लेकर असंतुष्ट भी हैं कि चार दिन की चांदनी के बाद फिर अंधेरा पसर जाएगा। गांव के राजाराम, कन्हईलाल, श्यामसिंह, अनिल कुमार आदि का कहना है कि अधिकारियों और विद्युत निगम को समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए। जब गांव का विद्युतीकरण हो जाएगा तो हमें अंधेरे से आजादी मिल सकेगी। एसडीएम अलीगंज मानवेंद्र सिंह ने कहा कि अगले सात दिन तक जेनरेटर से गांव में प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। सोलर लाइट लगवाने के लिए बात कर रहे हैं। विद्युतीकरण की भी स्वीकृति मिल गई है। गांव के लोग अंधेरे में नहीं रहेंगे।

## आग बुझाने गए युवक को लगा करंट : अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम


बस्ती ब्यूरो : बस्ती नगर थाना क्षेत्र के सराय गांव के सीवान में गन्ने के खेत में लगी आग बुझाने गया 23 वर्षीय युवक टूटकर गिरे हाईटेंशनतार पर पैर पड़ जाने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन युवक को जिला अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर थानाक्षेत्र के ग्राम सराय के सीवान में स्थित गन्ने के खेत मे आग लगी देखकर गांव के विकास चौधरी उर्फ वंश पटेल बुझाने के लिए दौड़े। खेत में पहले से टूटकर गिरे बिजली के हाईटेंशन तार पर उनका पैर पड़ गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास खेत में काम करने वाले यह देखकर शोर मचाते हुए खेत की तरफ दौड़ पड़े। इसी बीच किसी ने फोन कर बिजली कटवाई। तब परिजन व गांव के लोग पहुंच गए। अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके थाना प्रभारी नगर बाबू लाल, उप निरीक्षक शशि शेखर सिंह पहुंच गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गणेश–महालक्ष्मी पूजन आज : शाम 8:03 से साढ़े 12 बजे का है मुहूर्त

अलीगढ़ ब्यूरो : आज (बृहस्पतिवार) दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणेश–महालक्ष्मी का पूजन कर श्रद्धालु दीपदान करेंगे। वहीं बच्चे और युवा दीपावली का जश्न आतिशबाजी से मनाएंगे। गणेश–महालक्ष्मी पूजन के लिए आज शाम 8:03 से लेकर साढ़े 12 बजे तक मिथुन व कर्क लग्न का मुहूर्त मिलेगा। इस दौरान दीपावली पूजन करना सर्वोत्तम रहेगा। इससे पहले वृषभ लग्न में राहू की दशा रहेगी। इसीलिए आठ बजे के बाद दीपावली पूजा कर सकते हैं, जबकि व्यापारियों के लिए धनु लग्न का मुहूर्त सुबह 9:49 से लेकर 11:53 तक रहेगा। श्री गुरू ज्योतिष शोध संस्थान के अध्यक्ष पं. हृदय रंजन शर्मा ने बताया कि दीपावली पर सुबह 7:41 बजे चित्रा नक्षत्र रहेगा। इसके बाद स्वाति नक्षत्र पूरे दिन रहेगा। इस दिन वाहन लेनदेन, उद्योग कर्म, सोना–चांदी आभूषण की खरीदारी, दुकानदारी, चित्रकारी, शिक्षा कार्य. स्कूल संचालन, ट्यूशन कोचिंग सेंटर, शृंगार प्रसाधन, सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं, फैंसी वस्त्र, आभूषण खरीदना शुभ फलदायक रहेगा। इस दिन सुबह 9:49 से लेकर 11:53 तक धनु लग्न रहेगी। लग्न में लाभेश शुक्र रहेंगे। गुरू धन स्थान में शनि के साथ होने से पूरे वर्ष व्यापारियों के लिए धन वृद्धि कारक है। इस दिन दोपहर में डेढ़ बजे से तीन बजे तक राहुकाल रहेगा। जो हर कार्य के लिए सबसे खराब समय रहेगा। वृषभ लग्न एवं प्रदोषकाल पूजा का मुहूर्त शाम 6:10 से रात्रि 8:03 तक रहेगा। दीपावली के दिन गुरुवार की रात्रि वृष लग्न में बैठा राहू रोजगार, धंध–पानी, कारोबार में दिक्कत परेशानियां पैदा करेगा। मिथुन लग्न रात्रि 8:03 से रात्रि 10:17 तक रहेगी। जिसमें लाभ, उद्वेग के दो चौघड़िया मुहूर्त मिलेंगे। जो सभी तरह के काम धंधे करने वालों के लिए शुभ फल प्रदान करेंगे। लग्न पर शनि का सीधा प्रभाव उद्योग संचालकों के लिए शुभ रहेगा। इस समय में पूजा करने से माता लक्ष्मी की कृपा रहेगी, जबकि कर्क लग्न (निशीथ काल) रात 10:17 से मध्य रात्रि 12:35 तक रहेगी। इस समय उद्वेग का चौघड़िया मुहूर्त रहेगा। इस समय को निशीथ काल माना जाएगा। निशीथ काल की व्याप्ति में दीपावली पूजन अत्यंत सुखद माना जाता है। यह हैं दीपावली पूजन और दिन के शुभ लग्न मुहूर्त –धनु लग्न,–सुबह 09:49 से दोपहर 11:53 तक रहेगी। लग्न में लाभेश शुक्र रहेंगे और गुरु धन स्थान में शनि के साथ होने से पूरे वर्ष भर व्यापारियों के लिए धन वृद्धि कारक है। इस दिन राहुकाल दोपहर 1:30 से दोपहर 3:00 बजे के बीच रहेगा। जो हर कार्य के लिए जो हर कार्य के लिए अत्यंत खराब माना जाएगा। चौघड़िया मुहूर्त के अनुसार उद्वेग, चर, लाभ, अमृत काल और शुभ के छह चौघड़िया मुहूर्त क्रम से इस दिन मिलेंगे, जिनमें चर, लाभ, शुभ के तीनों चौघड़िया मुहूर्त खुशहाली लाएंगे। –मकर लग्न। दोपहर 11: 53 से दोपहर 01:37 तक मकर लग्न में लग्नेश शनि स्वयं बलवान होकर बैठा है और लाभेश (एकादश भाव) में बैठा है। नीच का सूर्य, बुद्ध, चंद्र और मंगल का अद्भुत संयोग विशेष लाभ उन्नति का सूचक है। इसमें जुआ–सट्टा, चोरी चकारी, धोखेबाजी का काम करने वाले लोगों के लिए पूजा पाठ करना सही है। क्योंकि नीच के और पापी ग्रह इन्हीं लोगों को शुभ फलदायक सिद्ध होते हैं। बाकी लोग इससे बचने की कोशिश करें।–कुंभ लग्न। –दोपहर 01:37 से दोपहर 3:06 तक कुंभ लग्न रहेगी। कुंभ लग्न में लग्नेश व्यय भाव में होने के कारण रोजगार कारोबार में व्यय अधिक होने की संभावना बनी रहेगी। भाग्य भाव में नीच के सूर्य के साथ बुद्ध, चंद्र और मंगल का योग भाग्य उन्नति विकास में अत्यंत बाधाकारक माना जाएगा। विशेष रूप से श्री गणेश–लक्ष्मी त्रिदेव, परमशक्ति, नवग्रह, कुबेर भंडारी, रिद्धि–सिद्धि सहित बही, बसना खाता, कलम–दवात का पूजन करने से यह कारोबार करने वाले लाभ उन्नति की ओर अग्रसर होते रहेंगे। इस लग्न में लोहा–स्टील, कांच, कबाड़ा, तेल, कोयला, मैटल, मशीनरी उद्योग, कलपुर्जे, पार्ट्स, खनिज पदार्थों शनि से संबंधित कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए यह मकर लग्न, कुम्भ लग्न से अति उत्तम लाभकारी उन्नति दायक मानी जाएगी।–मीन लग्न। –दोपहर 3:06 से सांय 5:33 तक मीन लग्न रहेगी। इसमें अमृत का चौघड़िया मुहूर्त उपलब्ध रहेगा। इससे वर्ष भर इस समय में पूजा करने वाले लोगों की कार्यशैली में लाभ उन्नति बनी रहेगी। इस लग्न में स्कूल, कॉलेज, स्टेशनरी, किताब–कॉपी, कोचिंग, ट्यूशन सेंटर का कार्य करने वाले लोगों के लिए यह समय सर्वोत्तम माना जाएगा। –मेष लग्न (गोधूलिबेला) शाम 5:33 से 6:10 तक लक्ष्मी पूजन वाले दिन सायंकाल के समय यह लग्न रहेगी। मेष लग्न में ही गोधूलि बेला रहेगी और प्रदोष काल सांयकाल 05:24 से शुरू होगा। दीपावली पूजन के लिए पूरे दिन का यह अति उत्तम समय कहा जा सकता है। इसी लग्न में गोधूलि बेला का प्रभाव तथा प्रदोष के उत्तम समय का समागम असफलता के मध्य सफलतादायक औ उन्नतिदायक रहेगा। इस लग्न में पूजन करना सर्वश्रेष्ठ रहेगा। इस दौरान बिल्डिंग मैटेरियल काम करने वाले, डॉक्टर, वैध, जर्नल स्टोर, हलवाई, खाद्य पदार्थ, हार्डवेयर, पुलिस, सेना, एजेंसी, परचून विसायती, तारकोल, भूमि भवन से संबंधित कार्य करने वाले व्यक्ति, प्रॉपर्टी एवं रियल स्टेट के कार्य करने वाले व्यक्ति एवं खनिज लवण रसायन से संबंधित व्यक्ति इस लग्न में पूजा पाठ करके अत्यंत शुभ फल प्राप्त कर सकते हैं। वृषभ लग्न एवं प्रदोषकाल पूजा का मुहूर्त। शाम 06:10 से रात्रि 08:03 वृषभ लग्न रहेगी। वृष लग्न में बैठा राहू रोजगार, धंधापानी, कारोबार में दिक्कत परेशानियां पैदा करेगा। दीपावली की रात्रि वेला में लाभ, उद्वेग शुभ, अमृत और चर के पांच विश्व प्रसिद्ध चौघड़िया मुहूर्त रात्रि 1:47 तक शुभ–लाभ उन्नति फलदायक रहेंगे। 'प्रदोष' के समय उद्योग के चौघड़िया मुहूर्त की गति मनोकामना पूर्ति में सहायक बनेंगी। लक्ष्मी पूजन के लिए प्रदोष काल को पूर्वाचार्यों ने सर्वश्रेष्ठ माना है। प्रदोष के अधिपति भगवान आशुतोष भगवान भोलेनाथ शंकर सब तरह की सुख समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने गए हैं। इस लग्न में ज्वैलर्स, जवाहरात का काम करने वाले लोग, सौंदर्य प्रसाधन, टीवी, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन का काम करने वाले व्यक्ति, शॉपिंग मॉल, रेस्टोरेंट से संबंधित एवं विलासिता हाई–फाई काम करने वाले व्यक्ति, संचार क्षेत्र, मोबाइल केबल नेटवर्क कार्य करने वाले लोग, वाहन की एजेंसी वाले लोग इस समय में पूजा पाठ करने से पुण्यलाभ के भागी बनेंगे। मिथुन लग्न –रात 8:03 से रात्रि 10:17 तक मिथुन लग्न रहेगी। इस दौरान लाभ, उद्वेग के दो चौघड़िया मुहूर्त रहेंगे। जो किस की सभी तरह के काम धंधे करने वालों के लिए शुभ फल प्रदान करेंगे। लगन पर शनि का सीधा प्रभाव उद्योग संचालकों को शुभ माना जाएगा। इस समय में पूजा करने से माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी और उद्योग धंधे फलते फूलते नजर आएंगे। इस लग्न में होटल, रेस्टोरेंट, दवाओं की फार्मेसी, लकड़ी, टिंबर, रजाई गद्दे, लकड़ी के फैंसी सामान कार्य करने वाले व्यक्ति, डेयरी, उद्योग, दूध से बने खाद्य पदार्थों के काम करने वाले व्यक्तियों के लिए यह समय उत्तम रहेगा। –कर्क लग्न (निशीथ काल) – रात्रि 10:17 से मध्य रात्रि 12:35 तक कर्क लग्न रहेगी। इस समय उद्वेग का चौघड़िया मुहूर्त रहेगा। इस समय को निशीथ काल माना जाएगा। निशीथ काल में दीपावली पूजन अत्यंत सुखद माना जाता है। शुभ समय में पूजा करने तथा करवाने वाले लाभ उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं। इस वर्ष रात्री में 12:39 से (सिंह लग्न) निशीथ काल प्रारंभ हो रहा है। जो रात्रि 1:39 मिनट तक रहेगा। यह समय घरेलू पूजन आदि के लिए सर्वोत्तम रहता है। इसमें अधिकतर लोग अपने घरों की पूजा करते हैं। निशीथ काल में समुद्र मंथन के समय माता लक्ष्मीजी का प्रादुर्भाव हुआ था। इसलिए इस समय को सभी विद्वान आचार्य अत्यंत श्रेष्ठ मानते हैं। तांत्रिक एवं सिद्धि करने वाले लोगों के लिए यह समय रामबाण का काम करता है। इस समय में श्रीगणेश, महालक्ष्मी, इंद्र, कुबेर, भंडारी, रिद्धि–सिद्धि शक्तियों सहित ब्रह्मा, विष्णु, महेश, नवग्रह मंडल देवताओं आदि की पूजा करें। यह है दीपावली की पूजन विधि। –सूर्योदय के समय उठकर घर की धुलाई करें। घर में बंधनवार लगाएं। पूजा घर को साफ करें। यहां पर नया लाल, गुलाबी, पीला, हरा, नीला, केसरिया रंग में से कोई एक रंग का कपड़ा बिछाकर चित्र, कैलेंडर लगाएं। मिट्टी के लक्ष्मी गणेश के साथ हनुमानजी की स्थापना करें। घर में रंग बिरंगी रंगोली बनाएं व घर में पूजा घर में रंग बिरंगी सुंदर झालरें, लाइट लगाएं। फिर अपने मनचाहे मुहूर्त में सर्वप्रथम स्वस्तिवाचन कलश पूजन संकल्प कर श्रीगणेश लक्ष्मी, रिद्धि–सिद्धि, इंद्र, कुबेर, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, कुल देवता, स्थान देवता, वास्तु देवता, एवं सूर्य, नवग्रह की पूजा के साथ बहीखाता, कलम दवात, रोकड़ पूजन करें। श्री सूक्त और लक्ष्मी सूक्त का पाठ करना अत्यंत लाभकारी रहता है। लक्ष्मी कुबेर का मंत्र जाप, विष्णु मंत्र की माला जाप, गुरु मंत्र का जाप करें। नशाखोरी, वायदा कारोबार, एमसीएक्स, तेज वाहन चलाने, गलत कार्य करने से बचें। पूजा करने से पहले घरों की दीवारों और दरवाजों की ऊपर सिंदूर या रोली से शुभ–लाभ, राम राम, जय श्री राम, श्री गणेशाय नमः और के शुभ चिह्न बनाएं। लक्ष्मीजी जहां संतुष्ट हो जाती हैं। वहां प्रभावित होकर धन संपत्ति और सुख समृद्धि व हर प्रकार के धन वैभव में विशेष उन्नति व लाभ करती हैं।

# अलीगढ़ में 11 हजार दीपकों से रोशन हुआ घंटाघर

अलीगढ़ ब्यूरो : शहर की सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों ने 11 हजार दीपकों से घंटाघर को रोशन कर दिया। जब एक साथ 11 हजार दीपक जले तो नजारा देखते ही बन रहा था। दीपकों के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर मोहम्मद फुरकान व अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने दीप जलाकर किया। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग कर रहे लोगों ने 11 हजार दीपक जलाए। इन्हें जब सुव्यवस्थित ढंग से घंटाघर परिसर के सभी पार्क, गैलरी और बाउंड्रीवॉल पर रखा तो अयोध्या जैसा नजारा देखने को मिला। ऐसा लग रहा था कि प्रभु



श्रीराम जल्द यहां आने वाले हैं, क्योंकि उन्हीं के स्वागत के लिए सबसे पहले दीपावली मनाई गई थी। दीपकों की रोशनी होते ही लोगों के बीच सेल्फी खींचने की होड़ मच गई। इस कार्यक्रम में रॉबिन हुड आर्मी, सहयोग फॉर स्माइल व हैल्पिंग फॉर हैंड्स संस्था के पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग रहा। कल्पना सिंह, मोहन राणा, गिरीश राणा, सतेंद्र कुमार, ईशा गुप्ता, साक्षी सिंह, आयुष चौहान, आयुष सिंह, सिमर, धीरज चौणरी, ममता, सबीहा, अर्चित, अर्पित राठी, शिवानी कश्यप, तनिष्का शर्मा, लावण्या शर्मा, राबिन हुड आर्मी से हर्ष गुप्ता, अनुभव गुप्ता, करिश्मा, सहयोग फार इस्माइल से शुभम देव, सत्यम वर्मा, पूजा देशमुख, भारत जैन पाटनी, गार्गी उपाध्यक्ष और प्रज्ञा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# मेरठ पुलिस ने गुजरात से दबोचा 50 हजार का इनामी बदमाश : तमंचा–कारतूस बरामद

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में इंचौली थाना क्षेत्र के चिंदौड़ी गांव निवासी बसपा नेता मनोज कुमार हत्याकांड में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी अक्षय कुमार गोस्वामी उर्फ अक्षु निवासी गुजरात को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर मेरठ लाई है। आरोपी के पास से तमंचा ओर कारतूस बरामद किया गया। वहीं इससे पहले पुलिस आरोपी कपिल गोस्वामी, अरुण, ओमपाल, अनुज कुमार उर्फ चीकू और नगेंद्र उर्फ लोकी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 50 हजार के इनामी अक्षय कुमार गोस्वामी की गिरफ्तारी गुजरात से दरोगा प्रवीन चौधरी, कांस्टेबल कुलदीप, कांस्टेबल लोकेश भाटी थाना इंचौली मेरठ और सर्विलांस टीम के हेड कांस्टेबल शाहनवाज,



हेड कांस्टेबल ब्रह्मजीत द्वारा की गई है। ये था मामला। इंचौली थाना क्षेत्र के चिंदौड़ी लावड़ निवासी मनोज चौधरी की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इसमें अतुल सहित कई लोगों पर केस दर्ज हुआ था। बसपा नेता की हत्या से कार्यकर्ताओं में काफी गुस्सा था।

# नीट में शहर के मेधावियों ने बजाया प्रतिभा का डंका : हासिल किया खास मुकाम

गोरखपुर ब्यूरो : एम्स, राजकीय मेडिकल कॉलेज और निजी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट (नीट) में शहर के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है। बिछिया के रहने वाले निखिल पांडेय ने ऑल इंडिया 964वीं रैंक हासिल की है। आर्मी पब्लिक स्कूल से बारहवीं की परीक्षा 97.2 अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले निखिल ने पहले ही प्रयास में ये सफलता अर्जित की है। निखिल के पिता कृपा शंकर पांडेय आर्मी पब्लिक स्कूल में केमिस्ट्री के अध यापक है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मां अर्चना पांडेय, बहन ऐशानी पांडेय के साथ अपने शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि कोविड काल में चार से पांच घंटे की पढ़ाई में ये सफलता मिली है। ऐसे ही बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दुष्यंत सिंह और अनुपमा सिंह की मेधावी पुत्री परिधि ा सिंह ने बिना किसी कोचिंग के 720 में से 635 अंक प्राप्त करके ऑल



इंडिया काउंसिलिंग सामान्य वर्ग (अनारक्षित) में 7101वीं रैंक प्राप्त कर शहर का मान बढ़ाया है। परिधि ने इसका श्रेय माता–पिता और विद्यालय के शिक्षकों के साथ भाई वीर सिंह को दिया है। परिधि की सफलता पर गुरुद्वारा जटाशंकर के चेयरमैन सरदार जसपाल सिंह, देवेंद्र कौर, अरशद जमाल सामानी, एसएम हुजैफा, मुकेश कुमार, राजबीर सिंह आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## त्योहार पर शहर में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम : घंटों पैदल घूमे पुलिस कप्तान

अलीगढ़ ब्यूरो : सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील शहर में पांच दिवसीय दीपावली पर्व के तहत बड़ी दीपावली व गोवर्धन के दिन कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने और अपराधियों पर अंकुश रखने के इरादे से पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। शहर में सेक्टर स्कीम लागू और यातायात की दृष्टि से डायवर्जन व्यवस्था बुधवार की तरह ही आगे प्रभावी रहेगी। इधर, बुधवार को एसएसपी कलानिधि नैथानी ने सुबह और शाम कई घंटे तक पुराने व नए शहर में पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान आम शहरी व आम व्यापारी से संवाद भी किया। एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुणावत के अनुसार शहर को शहर को दस सेक्टरों में बांटकर दो कंपनी पीएसी, देहात से पुलिस, कार्यालयों से पुलिस बल मिला है। ये व्यवस्था सात नवंबर तक लागू रहेगी। इधर, एसएसपी कलानिधि नैथानी ने सुबह सासनीगेट, कोतवाली नगर क्षेत्र के व्यस्त बाजारों उस्मानपाड़ा, पटेल नगर, मानिक चौक, गोपालपुरी, हलवाई खाना, तमोलीपाड़ा, पला रोड़, जयगंज रोड़, आगरा रोड़, मदारगेट व शाम को क्वार्सी सिविल लाइंस के रामघाट रोड, मैरिस रोड आदि इलाकों में घंटों पैदल भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से वार्ताकर सुरक्षा के संबंध में आश्वस्त किया। लोगों से शांति–हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा इंतजाम भी देखे। ये रूट डायवर्जन चार दिन तक ये बाह्य डायवर्जन :–रोडवेज बसों को छोड़कर किसी तरह का भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। यह डायवर्जन हर दिन सुबह सात से रात 11 बजे तक लागू। एटा रोड, आगरा रोड, मथुरा रोड, बुलंदशहर रोड, अतरौली से आने वाले सभी भारी वाहन बाईपास से डायवर्ट होंगे। आज बड़ी दीपावली व गोवर्धन को ये आंतरिक डायवर्जन :–शहर के अंदर दोपहर 3 बजे से रात 11 बजे तक हल्के वाहनों, ई रिक्शा आदि वाहनों का डायवर्जन लागू रहेगा। –इन मार्गों पर हल्के वाहन व ई–रिक्शा प्रतिबंधित :–कबरकुत्ता तिराहे से रेलवे रोड की ओर, आगरा रोड से मामूभांजा की ओर, मदारगेट तिराहे से हलवाई खाना की ओर, सासनीगेट चौराहे से जयगंज की ओर, फायर सर्विस तिराहे से गूलर रोड व रघुवीरपुरी की ओर, मसूदाबाद तिराहे से जमीराबाद की ओर, रसलगंज चौराहे से मलखान सिंह अस्पताल की ओर, तुर्कमानगेट बाईपास चौराहे तुर्कमानगेट की ओर, खटीकान चौराहे से मोहम्मदअली रोड की ओर, देहलीगेट चौराहे से खैर रोड की ओर। –इन मार्गों पर दोपहिया छोड़ सभी वाहन प्रतिबंधित :–बारहद्वारी चौराहा प्रथम से महावीरगंज की ओर, बारहद्वारी चौराहा द्वितीय से महावीरगंज की ओर, थाना देहलीगेट चौराहे से कनवरीगंज की ओर, सब्जी मंडी चौराहे से कनवरीगंज रेलवे रोड व बड़ा बजार, शाहपाड़ा से हलवाई खाना की ओर, मदारगेट से फूल चौराहे की ओर,




मामूभांजा तिराहा से मामूभाजा की ओर, मीरूमल चौराहे से रेलवे रोड की ओर। सेंटर प्वाइंट बाजार :–दोपहिया छोड़कर सभी प्रकार के वाहन सेंटर प्वाइंट की ओर पूर्णतः प्रतिबंधित। महावीरगंज बजार :–दोपहिया छोड़कर सभी प्रकार के वाहन महावीरगंज बाजार की ओर पूर्णतः प्रतिबंधित। – इन बाजारों में ई रिक्शा की नो एंट्री :–अब्दुल्ला तिराहे से अमीरनिशा की तरफ, दोदपुर से अमीरनिशा की तरफ, मीरूमल चौराहे से रेलवे रोड की तरफ, मदारगेट चौराहे से फूल चौराहे की तरफ, बारहद्वारी से सब्जीमंडी चौराहे की तरफ, बारहद्वारी से अब्दुल करीम चौराहे की तरफ, मामू भांजा तिराहा से मीरूमल की तरफ, मधेपुरा तिराहे से सेन्टर प्वाइंट की तरफ ,गांधीआई तिराहे से सेंटर प्वाइंट की तरफ, मैरिस रोड चौराहे से सेंटर प्वाइंट की तरफ, एसबीआई तिराहे से सेंटर प्वाइंट की तरफ, महाजन पैलेस से मीनाक्षी पुल पर दुबे पडाव की तरफ, कबर कुत्ता चौराहे से रेलवे रोड मीरूमल की तरफ, रसलगंज चौराहे से मलखान सिंह अस्पताल की तरफ (जाने वाले मरीजों को छोड़कर), देहलीगेट चौराहे से खटीकान की तरफ, देहलीगेट चौराहे से कनवरीगंज की तरफ, खटीकान से ऊपरकोट की तरफ, हलवाई खाना से फूलचौक की तरफ सासनीगेट चौराहे से जयगंज की तरफ। इन मार्गों पर वन–वे :–गांधी आई चिकित्सालय से सेंटर प्वाइंट चौराहे की तरफ, सेंटर प्वाइंट चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक की तरफ, मधेपुरा तिराहे से सेंटर प्वाइंट चौराहे की तरफ, आगरा रोड मामू भांजा तिराहा से मीरूमल चौराहा की तरफ, अब्दुल करीम चौराहे से मीरूमल चौराहे की तरफ, बारहद्वारी चौराहे से अब्दुल करीम चौराहे से महावीरगंज की तरफ, अब्दुल करीम चौराहे से फूल चौराहे की तरफ, फूल चौराहे से सब्जी मंडी चौराहे की तरफ, नौरंगीलाल ईका दीवानी रोड तिराहे से कठपुला की तरफ, अब्दुल्ला तिराहे से दोदपुर चौराहे की तरफ। – शहर में भारी वाहनों के लिए चार दिन का रूट डायवर्जन लागू किया गया है। बुधवार को लागू किया गया आंतरिक डायवर्जन ही बृहस्पतिवार व शुक्रवार को लागू रहेगा। लोगों से अपील है कि इसके अनुसार ही शहर में चलें।

# एनएचएआई के प्लांट में चल रहा था मिट्टी खनन : एसडीएम और सीओ ने मारा छापा

बागपत ब्यूरो : बागपत जनपद में खेकड़ा के गांव डूंडाहैडा में एनएचएआई के प्लांट की भूमि में अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पर एसडीएम और सीओ ने छापा मारा। उन्होंने मिट्टी से लदे दो ट्रैक्टर–ट्रॉलियों को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। एनएचएआई अफसरों को इस संबंध में कागजात



दिखाने के लिए कहा गया है। साथ ही लेखपाल को पैमाइश भी करने के निर्देश दिए गए हैं। डूंडाहैडा में एनएचएआई ने अपने कार्य के लिए किसानों से किराए पर भूमि लेकर प्लांट लगाया हुआ है। मंगलवार की रात एसडीएम को सूचना मिली कि इस प्लांट में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलने पर एसडीएम अजय कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी युवराज सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हें प्लांट के अंदर दो ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में अवैध रूप से मिट्टी लदी मिली। साथ ही मौके पर अवैध खनन भी होता पाया गया। आरटीआई कार्यकर्ता सुधीर धामा एडवोकेट और डूंडाहैडा के ग्रामीणों सोनू, रविंद्र, दिनेश आदि का आरोप है कि इसमें एनएचएआई और खनन माफियाओं की साजिश है। उन्होंने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों पर भी इस अवैध खनन में शामिल होने का आरोप लगाया। एसडीएम अजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में एनएचएआई अफसरों को इस संबंध में कागजात दिखाने के लिए कहा गया है। साथ ही लेखपाल को पैमाइश भी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुस्लिम क्षेत्र में हिंदुओं की चौखटों पर मनेगी दिवाली

कानपुर ब्यूरो : दिवाली पर मुस्लिम बहुल इलाकों में हिंदुओं के पुरखों की चौखट पर दीये जलेंगे। मुस्लिम समाज के लोग भी इसमें शामिल होंगे। पिछले साल कोरोना की वजह से रस्म अदायगी हुई थी। इस बार इसे जोश–ओ–खरोश से मनाया जाएगा। मुस्लिम बहुल इलाकों में बेची गई हिंदुओं की पुरानी चौखटें हैं। सांप्रदायिक दंगों के बाद हिंदू–मुस्लिम अलग–अलग मुहल्लों में रहने लगे। समूह में रहने की सुरक्षात्मक सोच से पुरखों की देहरियां छूट गईं लेकिन उन चौखटों



पर दीये जलें, इसका ख्याल मुस्लिम समाज के लोग आज भी रखते हैं। तहारत मंच के संयोजक मुस्तफा तारिक ने बताया कि दादामियां चौराहे पर बाबू मुंशीराम की चौखट पर सौहार्द्र के दीप जलेंगे। यहां मुंशीराम 2003 तक रहते थे। उसके बाद उनका निधन हो गया। उनके पुत्र वेद भाटिया और विजय भाटिया पंजाब के जालंधर और अब इंग्लैंड में रहने लगे हैं। वे लोग दिवाली में कानपुर आते हैं। अगर नहीं आ पाते हैं तो उनकी रजामंदी से मुस्लिम समाज के लोग उनकी चौखट पर दीये जलाते हैं। मुंशीराम इकलौते हिंदू चमड़ा कारोबारी थे, जो मुस्लिम एसोसिएशन के सदस्य रहे। इसी तरह इसी चौराहे पर राम बालक अत्तार की आयुर्वेदिक–यूनानी दवाओं की दुकान है। यहां पर उनके पुत्र पम्मी गुप्ता और अशोक गुप्ता भी मुस्लिम समाज के लोगों के साथ दीप जलाते हैं। होलिका दहन हो या दिवाली के दीयों से रोशनी करना, इन कामों में यहां के शाहिद अजीज, अब्दुल हई, जाकिर हुसैन, हबीब अख्तर वसफी, आसिफ खान, मोहम्मद अली, इरफान अंसारी का सहयोग रहता है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।